भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 4195

उत्तर देने की तारीख: 22.03.2021

संस्थागत विकास विभाग

†4195.श्री बिद्युत बरन महतो:

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:

श्री सुधीर गुप्ता:

श्री राजेन्द्र धेड्या गावित:

श्री चंद्र शेखर साहू:

श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने आईआईटी को एनईपी 2020 में संकल्पित संस्थागत विकास योजना विकसित करने के लिए कहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या तकनीकी संस्थानों और उद्योग जगत के बीच संकाय सदस्यों और उद्योग जगत के विशेषज्ञों के आवागमन से उद्योग जगत और शिक्षा जगत के बीच सहयोग को बढ़ावा मिलेगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का सभी आईआईटी में प्रौद्योगिकी के उपयोग की समीक्षा करने और देश में डिजीटल उपकरण लगाने में तेजी लाने के लिए एक कृतिक बल के गठन का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ड.) कोविड-19 के चुनौतीपूर्ण समय के दौरान शिक्षा जगत के योगदान का ब्यौरा क्या है और कोविड-19 का नए वैज्ञानिक अनुसंधान के द्वारा सामना करने में उनका क्या योगदान हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(—) से (घ): आईआईटी परिषद की दिनांक 22.02.2021 को आयोजित 54वीं बैठक में कार्यसूची मद के रूप में इन मुद्दों पर चर्चा की गई थी।

(ड.): आईआईटी ने व्यक्तिगत सुरक्षा देखभाल उपकरण, परीक्षण किट, सेनीटाइजेशन, चिकित्सा उपकरण/रोबोट, निगरानी, उपचार और डेटा विशलेषण आदि के क्षेत्र में विभिन्न वैज्ञानिक अनुसंधानों द्वारा कोविड-19 को नियंत्रित करने में योगदान दिया है।

*****